Instructions Bulletin for the operation failure of the Month of April'2022

No. IB/ETC/GZB/2022--23/01

1. - केस स्टडी -1

| दिनांक | लोको न० / शेड | गाड़ी न० | मंडल |
|---|---|---|---|
| 15.04.22 | 22721/TKD | 14204 Dn | LKO |
| यू०ओ०आर/ विफलता का विवरण | BP प्रेशर का ड्राप होना तथा CCPT फ्यूज का मेल्ट होना। | | |
| लोको पायलट द्वारा की गयी कार्यवाही / ट्रबल शूटिंग | गाड़ी का लखनऊ स्टेशन से प्रस्थान होने के बाद, लोको पायलट ने VCD को एकनॉलेज करने के लिए PVCD को दबाया, उसी दौरान BP प्रेशर ड्राप हो गया। LP ने VCD को जल्दी रिसेट करने के लिए बैटरी को ऑफ/ऑन किया। परन्तु पैंटो उठाते समय पैंटो नहीं उठा। 10 मिनट बाद RSO स्टाफ ने आकर CCPT फ्यूज चेक करने पर मेल्ट पाया। फ्यूज बदल कर गाड़ी के प्रस्थान के थोड़ी देर बाद पुनः CCPT फ्यूज मेल्ट हो गया। RSO स्टाफ ने पहुंचकर VCD को आइसोलेट किया तथा CCPT फ्यूज बदला, उसके बाद गाड़ी का प्रस्थान हुआ। इस घटनाक्रम में कुल 35 मिनट का समय लगा। | | |
| TSD के अनुसार ट्रबलशूटिंग/ लोको पायलट द्वारा की जाने वाली सही कार्यवाही | **VCD रिसेट करने का उचित विधिवत तरीका निम्न प्रकार है :-**<br>1. A-9 के हैंडल को Emergency की स्थिति पर रखें।<br>2. SA-9 को अप्लाई पर रखे।<br>3. MP को 0 पर लायें तथा MPJ को न्यूट्रल पर रखें।<br>4. कन्वेंशनल लोको मे 32 सेकंड का इंतजार करें।<br>5. VCD रिसेट बटन एवं PVCD को दवाएं।<br>6. A-9/DBC हैंडल को रिलीज़ पर रखें तथा MR & BP प्रेशर पूरा होने पर गाड़ी काम करें।<br>7. यदि VCD रिसेट नहीं हो रही है , तो HVCD स्विच द्वारा VCD को आइसोलेट करे. | | |
| रिमार्क | **ख़राब कार्य :**<br>लोको पायलट द्वारा VCD पैनेल्टी ब्रेक लगने के बाद VCD को बैटरी स्विच द्वारा ऑफ / ऑन करके रिसेट करने के बजाय नियमानुसार रिसेट करना चाहिये था.<br>सफलता न मिलने पर VCD को HVCD स्विच से आइसोलेट करना चाहिये था , पैंटो न उठने पर तुरन्त पैंटो रीजरवायर का प्रेशर तथा बैटरी के फ्यूज (CCBA/CCPT ) की जाँच करनी चाहिये थी. | | |

2. - केस स्टडी -2

| दिनांक | लोको न० / शेड | गाड़ी न० | मंडल |
|---|---|---|---|
| 20.04.22 | 23354+23544/ASN | Dn E/BOXN | LKO |
| यू०ओ०आर/ विफलता का विवरण | पिछले लोको का DJ ट्रिप हो गया तथा GR-18th नॉच पर फंस गया. | | |
| लोको पायलट द्वारा की गयी कार्यवाही / ट्रबल शूटिंग | गाड़ी के खेतासरयें स्टेशन पर लूप लाइन से पास करते समय लीडिंग लोको में LSDJ, LSCHBA, LSGR एवं LSOL लैंप जलने लगे। LP ने गाडी को स्टार्टर सिग्नल पास करने के बाद खड़ा किया। लोको की जाँच करने पर पाया की पिछले लोको का DJ ट्रिप है। LP ने पाया की अगले लोको में नॉच आ रहे है, अतः गार्ड तथा स्टेशन मास्टर से बात करके गाड़ी को स्टेशन पर वापस बैक कर लिया। इस सम्बन्ध में लोको पायलट ने TLC को कोई सूचना नहीं दी थी। इस घटनाक्रम में गाडी 26 मिनट तक ब्लाक सेक्शन में खड़ी रही। LP ने पिछले लोको डेड करके आगे कार्य किया। वारणसी स्टेशन पर अन्य LP ने लोको का चार्ज लिया तथा व्यासनगर स्टेशन पर पिछले लोको की जाँच करने पर पाया की GR-18th नॉच पर फंसा हुआ था, जिसे जीरो पर करने पर लोको नार्मल हो गया। | | |
| TSD के अनुसार ट्रबलशूटिंग/ लोको पायलट द्वारा की जाने वाली सही कार्यवाही | मल्टीपल लोको मे यदि ट्रेलिंग लोको मे ICDJ मिलता है , तो<br>• BLSN को दबाये तथा ट्रेलिंग लोको का DJ खुले होने तथा पैंटो के नीचे आने की जाँच करे.<br>• सेक्शन क्लियर करने का प्रयास करे.<br>• यदि आवश्यकता है, तो सेक्शन क्लियर करने के बाद डिफेक्टिव ( ट्रेलिंग) लोको पर जांए, तथा रिले का टारगेट चेक करे.<br>• यदि किसी रिले का टारगेट ड्राप मिले, तो TSD के अनुसार ट्रबल शूटिंग करे.<br>• यदि किसी रिले का टारगेट ड्राप नहीं पाया जाता है, तो असामान्य संकेत मालूम करने के लिए जाँच करे, GR के जीरो होने की जाँच करे तथा खराबी को दूर करने की कोशिश करे.<br>• यदि फिर भी सफलता नहीं मिलती है, तो ट्रेलिंग लोको को डेड करे , यदि लोड व चढाई अनुकूल हो तो अकेले लोको से काम करे अन्यथा टीएलसी से संपर्क करे.<br>• | | |
| रिमार्क | ख़राब कार्य :<br>LPको ट्रेलिंग लोको के GR को जीरो करके DJ क्लोज करना चाहिये था . | | |

3. - केस स्टडी -3

| दिनांक | मेमू न० / शेड | गाड़ी न० | मंडल |
|---|---|---|---|
| 26.04.22 | 397+343/MEMU/SRE | 04503 | FZR |
| यू०ओ०आर/ विफलता का विवरण | SPAD केस ( लाल सिगनल को पार करने की घटना ) | | |
| लोको पायलट द्वारा की गयी कार्यवाही / ट्रबल शूटिंग | ट्रेन नंबर 04503 के EMU ड्राईवर ने अप होम आगमन सिगनल S-3 को लाल पोजीशन मे पहचानने मे असफल रहा, जिसके कारण वह सिगनल को लाल पोजीशन पर पार करके लगभग लाल सिगनल से 189 मीटर आगे जाकर रुका. | | |
| लोको पायलट द्वारा की जाने वाली सही कार्यवाही | यदि ड्राईवर EMU सतर्क रहता और समय पर ध्यान देता तो ट्रेन को रोका जा सकता था. तथा लाल सिगनल पार होने से बचा जा सकता था. | | |
| रिमार्क | **ख़राब कार्य :** ड्राईवर EMUश्री राज कुमार , HQ सहारनपुर अप होम सिगनल S-3 को अवलोकन करने मे असफल रहा. | | |

4. - केस स्टडी -4

| दिनांक | मेमू न० / शेड | गाड़ी न० | मंडल |
|---|---|---|---|
| 10.04.22 | 31635/LDH | LE | UMB |
| यू०ओ०आर/ विफलता का विवरण | लोको के व्हील स्किड होना. | | |
| लोको पायलट द्वारा की गयी कार्यवाही / ट्रबल शूटिंग | 21.55 Hrs पर लोको पायलट श्री अमरिंदर कुमार , HQ/UMB ने लोको से एब्नार्मल आवाज आने के बारे मे बताया। इस पर टीएलसी ने लोको पायलट को लोको के व्हील मे स्किड / स्क्रैच चेक करने के लिए कहा। लोको पायलट ने व्हील नंबर 4, 10 तथा 12 पर क्रमशः 40x40 mm, 20x40 mm , 20x15 mm के स्क्रैच रिपोर्ट किये.<br><br>चार्ज देने वाले एलपीजी श्री दिनेश चन्द मीना , HQ/LDH ने लोको मे व्हील स्किड होने की कोई सुचना नहीं दी, तथा लोको की लोग बुक मे भी नहीं लिखा . | | |
| लोको पायलट द्वारा की जाने वाली सही कार्यवाही | | | |
| रिमार्क | **ख़राब कार्य :** एलपीजी श्री दिनेश चन्द मीना LDH ,/HQ को लोको मे व्हील स्किड होने की कोई सुचना नहीं दी तथा लोको की लोग बुक मे भी नहीं लिखा . | | |

5.0 पैंटोग्राफ नहीं उठता है–

1. MR/RS का प्रेशर 6.5 kg/cm² से अधिक होने की तसल्ली कीजिये।
2. यदि RS का प्रेशर कम है तो, RAL, R-1 कॉक के खुले होने की तसल्ली कीजिये और CPA चलाकर प्रेशर पूरा करके पैंटो उठाइये।
3. ZPT को पोजीशन "2" पर करके अगला पैंटो उठाइये।
4. CCBA तथा CCPT की जाँच कीजिये, यदि मेल्ट हो गया हो तो बदल दीजिये। दुबारा मेल्ट हो जाये तो HOBA को ऑफ कीजिये। फ्यूज को फिर बदलिए, अब HOBA स्विच को ऑफ करके चलने वाली हिदायातो का पालन करते हुये काम करे। परन्तु यदि अब भी फ्यूज मेल्ट हो जाये तो तीनो चाबियाँ पिछली कैब में लगाइए। फ्यूज को फिर बदलिये। यदि पैंटो उठ जाये तो G&SR 2.1 का पालन करते हुए पिछली कैब से ब्लाक सेक्शन साफ़ करें, TLC को बताइये व उसके निर्देशों का पालन करें।
5. PT कट आउट कॉक के खुले होने की तसल्ली कीजिये।
6. ZPT की पोजीशन के अनुसार सम्बंधित VEPT तथा थ्रोटल वाल्व को थोडा ठोक कर देखे।
7. BPEMS के सामान्य अवस्था में होना चेक करें। अन्यथा TLC से बात करें।

उपरोक्त निर्देश बुलेटिन विद्युत प्रशिक्षण केन्द्र, गाजियाबाद की वेबसाइट www.etcgzb.in पर भी उपलब्ध है।

सरताश

(सरताश कुमार)
(प्रधानाचार्य/वि.प्र.के./गा.बाद.)
दिनांक – 17.05.2022

न० 232-विद्युत/वि.प्र.के./ट्रेनिंग-1

प्रतिलिपि :-

1. मुख्य विद्युत लोको अभियंता/उत्तर रेलवे, बडौदा हाऊस, नई दिल्ली- सादर सूचनार्थ।
2. मुख्य विद्युत अभियंता/मोबिलिटी, उत्तर रेलवे, बडौदा हाऊस, नई दिल्ली- सादर सूचनार्थ।
3. वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/परिचालन/नई दिल्ली, लखनऊ - सादर सूचनार्थ व आवश्यक कार्यवाही हेतू।
4. वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/कर्षण वितरण/मुरादाबाद, फिरोजपुर, अंबाला- सादर सूचनार्थ व आवश्यक कार्यवाही हेतू।